दिनांक : 11.01.2025 समय : 07.10

# प्रादेशिक समाचार
# आकाशवाणीए भोपाल
# प्रातःकालीन समाचार

## मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025 में लेंगे हिस्सा।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अनुगूंज जैसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाते हैं।
- भाजपा आज से प्रदेश में चलाएगी संविधान गौरव अभियान।
- प्रदेश में अगले 2 दिन तक कड़ाके की ठंड से राहतए ग्वालियर-जबलपुर समेत 34 जिलों में बारिश की सम्भावना।

## पीएम.युवा नेता संवाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025 में हिस्सा लेंगे। संवाद के दौरान श्री मोदी देश भर के तीन हजार सक्रिय युवा नेताओं से बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री दस विषयों पर प्रतिभागियों द्वारा लिखे गए सर्वश्रेष्ठ निबंधों का एक संकलन भी जारी करेंगे। इन विषयों में प्रौद्योगिकीए स्थिरताए महिलासशक्तिकरणए विनिर्माण और कृषि जैसे विविध क्षेत्र शामिल हैं।

प्रधानमंत्री युवा नेताओं के साथ दोपहर के भोजन में शामिल होंगेए जिस दौरान उन्हें अपने विचारोंए अनुभवों और आकांक्षाओं को सीधे उनके साथ साझा करने का अवसर मिलेगा। युवाओं में तकनीकी के इस्तेमाल पर प्रधानमंत्री ने एक कार्यक्रम में कहा कि मोबाइल से दुनिया इनकी जैब में आ गई हैं।

बाइट- प्रधानमंत्री (29 सेकेंड)

## गृह मंत्री-मादक पदार्थ तस्करी

गृहमंत्री अमित शाह आज मादक पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर नई दिल्ली में आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन में मादक पदार्थों की तस्करी के राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रभाव को लेकर चर्चा की जाएगी। सम्मेलन में उत्तर भारत के आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरानए श्री शाह **मादक पदार्थ निपटान पखवाड़े** का शुभारंभ करेंगे। जब्त किए गए 44 हजार किलो से अधिक नशीले पदार्थों का पखवाड़े के दौरान निपटान किया जाएगा। श्री शाह स्वापक नियंत्रण ब्यूरो की भोपाल इकाई के कार्यालय परिसर का उद्घाटन करेंगे। वे देशभर में **मानस-2 हेल्पलाइन** की सुविधा का उद्घाटन भी करेंगे।

## अनुगूँज समारोह

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अनुगूंज जैसे आयोजन न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाते हैंए बल्कि युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सुनहरा मौका भी देते हैं। मुख्यमंत्री कल शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राज्य स्तरीय अनुगूंज कार्यक्रम में शिरकत की। मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिभागी 16 टीमों को राज्य शासन की ओर से एक-एक लाख रूपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गीत-संगीतए नृत्यए वादन एवं रंग मंच से जुड़े 7 मेंटर्स (प्रयोगधर्मी कलाकारों) को मंच से सम्मानित किया। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि हम शासकीय स्कूलों को बेहतर बनाने की दिशा में कोई कमी नहीं रखेंगे। हमारे बच्चे अब किसी से भी पीछे नहीं रहेंगे।

## मकर संक्रांति-महिला सशक्तिकरण

राज्य सरकार ने मकर संक्रांति पर्व महिला सशक्तिकरण पर केन्द्रित करने का फैसला किया है। इस दौरान कल लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत जनवरी माह की राशि का अंतरण शाजापुर के कालापीपल में आयोजित कार्यक्रम में किया जाएगा। मकर संक्रांति पर्व पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में महिलाओं को तिलए गुड़ए कंगन और सुहाग सामग्री का वितरण किया जाएगा। प्रदेश के सभी जिलों में एक-एक स्थान पर मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा। पूरे प्रदेश में महिला सशक्तिकरण पर केन्द्रित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। कल से 14 जनवरी के मध्य जनकल्याण शिविरों में मकर संक्रांति से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## संविधान गौरव अभियान

भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आज से संविधान गौरव अभियान चलाया जायेगा। संविधान गौरव अभियान के माध्यम से भारतीय संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों का प्रचार किया जायेगा और बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि दी जायेगी।

**टवपबम बेंज.**

**बडवानी सिंचाई परियोजना**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सेंधवा कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बड़वानी जिले के 2 परियोजनाएं सेंधवा और निवाली उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना का भूमि पूजन भी करेंगे। साथ ही 13 कार्यो का भूमि-पूजन और 19 कार्यो का लोकार्पण करेंगे।

सेंधवा माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना से जिले के 98 ग्रामों में लगभग 44 हजार 148 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा होगी। परियोजना से लगभग 53 हजार कृषक लाभान्वित होंगे। वहीँए निवाली माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना से जिले के 87 ग्रामों में लगभग 33 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।

**मौसम**

प्रदेश में अगले 2 दिन तक कड़ाके की ठंड से राहत रहेगी। वहीँ आज और कल ग्वालियर-जबलपुर समेत 34 जिलों में बारिश होने की सम्भावना है । नर्मदापुरमए शिवपुरीए गुनाए अशोकनगर सहित कुछ जिलों में ओले भी गिर सकते हैं। मौसम विभाग के मुताबिक  पश्चिमी विक्षोभ की वजह ओले-बारिश की सम्भावना है। 13 जनवरी से तेज सर्दी का तीसरा दौर फिर से आएगा। इस महीने 20 से 22 दिन तक शीतलहर चलेगी। पेश है मौसम विभाग की

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- मंदसौर में  टी.बी. मुक्त भारत अभियान में सहकारी बैंक ने 401 फूड बास्केट और एक्सरे मशीन के लिए ढाई लाख रू. सहायता प्रदान की।
- खरगोन में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान एवं राजस्व महा अभियान के अंतर्गत जनकल्याण शिविरों का रात्रि में भी आयोजन हो रहा है।
- झाबुआ में निपुण भारत अभियान के तहतए जिले की सभी शासकीय प्राथमिक शालाओं में आज मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान मेले का आयोजन किया जा रहा है।
- पन्ना जिले मे स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर आयोजित युवा दिवस कार्यक्रम में कल सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं सामूहिक सूर्य नमस्कार के साथ प्राणायाम में भाग लेंगे।
- छतरपुर में सूर्य नमस्कार में स्कूलों के कक्षा 6 से 12 वीं तक के बच्चों के साथ स्काउट गाइड और एनसीसी के बच्चों भी शामिल होंगे ।
- रीवा में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कल टमस समूह जल प्रदाय योजना के तहत कैथा गांव में जल जीवन मिशन से जुड़े निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।
- श्योपुर डाइट के एफएलएन मेला प्रशिक्षण प्रभारी प्रदीप मुद्गल ने बताया डाइट स्तर पर ज़िले के समस्त जनशिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया है ।
- रायसेन वन परिसर में 13 जनवरी को युवा संगम मेले का आयोजन सूक्ष्म लघु व मध्यम उद्यम विभागए तकनीकी शिक्षाए कौशल विकास और रोजगार विभाग द्वारा समन्वित रूप से किया जा रहा है।
- मुरैना में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार एवं अभियान का संचालन किया जा रहा है।
- शिवपुरी जिले में प्रधानमंत्री जनजाति न्याय महाभियान योजना अंतर्गत जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से मोबाइल मेडिकल यूनिट की सुविधा दी गई है। विधायक शिवपुरी देवेंद्र जैन ने कलेक्ट्रेट से दो मोबाइल मेडिकल यूनिट को शुक्रवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।